# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


## 4150 तक जाएगा टाटा ग्रुप का यह शेयर ? टाइटन पर मैक्वेरी की बुलिश रिपोर्ट, निवेशकों के लिए मुनाफे का मौका।

Publisher

Published on 25 Jun 2025




# मैक्वेरी ने टाइटन को दिया 4,150 रुपये का टारगेट, रेखा झुनझुनवाला की इस कंपनी मे है 5.17% हिस्सेदारी।

**नई दिल्ली | जून 2025:** अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं और मजबूत ब्रांड वाली कंपनियों की तलाश कर रहे हैं, तो **टाटा ग्रुप** की **कंपनी टाइटन** आपके लिए शानदार विकल्प हो सकती है। **ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मैक्वेरी** ने इस स्टॉक पर अपनी '**आउटपरफॉर्म**' रेटिंग को बरकरार रखा है और इसका टारगेट बढ़ाकर **₹4,150** कर दिया है। यानी मौजूदा कीमत से करीब **18% की बढ़त** की उम्मीद की जा रही है।

**टाइटन पर मैक्वेरी की राय : बढ़िया डिमांड और मजबूत प्रदर्शन**

मैक्वेरी का कहना है कि **FY26** की पहली तिमाही में **टाइटन के ज्वैलरी रेवेन्यू** और **EBITA** दोनों में **21% की ग्रोथ** देखने को मिल सकती है। सोने की बढ़ती कीमतों के बावजूद ब्रांडेड ज्वैलरी सेगमेंट में डिमांड मजबूत बनी हुई है।

**तेजी से बढ़ रहा है टाइटन का मार्केट शेयर**

भारत के ज्वैलरी मार्केट में **टाइटन की हिस्सेदारी** फिलहाल **7%** है और पिछले **15 सालों मे 13% CAGR** से इसकी ग्रोथ हुई है। **तनिष्क, मिया** और **जोया जैसे ब्रांड्स** ने कंपनी को ज्वैलरी स्पेस में मजबूत किया है।

**झुनझुनवाला परिवार की बड़ी हिस्सेदारी**

मशहूर निवेशक **राकेश झुनझुनवाला** की पत्नी **रेखा झुनझुनवाला** के पास कंपनी की **5.17%** हिस्सेदारी है। उनके

**पोर्टफोलियो** में **45,793,470 शेयर** शामिल हैं, जो निवेशकों को इस कंपनी में उनके भरोसे का संकेत देते हैं।

**मार्च तिमाही मे दंमदार नतीजे**

मार्च 2025 तिमाही में **टाइटन का नेट प्रॉफिट 870 करोड़ रुपये** रहा, जो पिछले साल की तुलना में **11%** ज्यादा है। वहीं, **ऑपरेशनल रेवेन्यू 20% बढ़कर 13,477 करोड़ रुपये** हो गया। इसमें से ज्वैलरी बिजनेस का **रेवेन्यू 25% की ग्रोथ के साथ 11,232 करोड़ रुपये** रहा।

**शेयर की चाल और मौजूदा स्तर**

**26 जून को NSE** पर **टाइटन का शेयर ₹3,659** के इंट्राडे हाई तक पहुंच गया, जो इसके **52-हफ्ते के हाई ₹3,866.15 से केवल 5%** नीचे है। **अप्रैल 2025** में यह शेयर अपने निचले स्तर **₹2,947.55** पर गया था, जिससे अब तक इसमें अच्छी रिकवरी देखी गई है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.